उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

विवरणिका व नियमावली

विद्यावारिधि (पीएच.डी.)

2022–23

0

अनुक्रमणिका

विवरण	पृष्ठ संख्या
प्रमुख तिथियाँ	02
विश्वविद्यालय–एक परिचय	03
उपलब्ध सुविधायें	04
विद्यावारिधि (पीएच.डी.) उपाधि के लिये पंजीकरण की अर्हता एवं नियम	05
प्रवेश–परीक्षा योजना	06
शोध पर्यवेक्षक का निर्धारण	07
पाठ्यक्रम संबंधी कार्य (कोर्स वर्क) श्रेय, अपेक्षाएं, संख्या, अवधि, पाठ्यविवरण, कार्य पूर्ण करने के न्यूनतम मापदण्ड आदि	08
शोध–केन्द्र	08
उपाधि आदि अवार्ड करने के लिए मूल्यांकन तथा निर्धारण पद्धतियां, न्यूनतम मानदण्ड/क्रेडिट आदि	09
उपस्थिति	10
पीएच.डी. पाठ्यक्रम (अंशकालिक)	11
आरक्षण	13
साक्षात्कार हेतु प्रपत्रों की सूची	14
विषयों के कोड तथा उपलब्ध सीटों की संख्या	14
पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम	15
संकाय सदस्यों की सूची	32
विभिन्न शुल्क	33
परीक्षा आवेदन पत्र	36

प्रमुख तिथियाँ

1.	आवेदन उपलब्ध होने की तिथि	15.03.2023
2.	आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि	15.04.2023
3.	पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा की तिथि	30.04.2023 प्रातः 11:00 बजे से 01:00
4.	प्रवेश परीक्षा केन्द्र	उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार
5.	विद्यावारिधि (पीएच.डी.) प्रवेश परीक्षा उत्तर कुंजिका प्रदर्शित करने की तिथि	01.05.2023
6.	आपत्ति दर्ज करने की तिथि	02.05.2023 से 16.05.2023 तक
7.	आपत्ति निवारण तिथि	17.05.2023 से 22.05.2023 तक
8.	पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा उत्तर कुंजिका (Final answer Key) उपलब्ध	24.05.2023
9.	विद्यावारिधि (पीएच.डी.) प्रवेश परीक्षाफल घोषित करने की तिथि	31.05.2023
10.	चयनित विद्यार्थियों के विभागीय साक्षात्कार की तिथि पृथक् से घोषित की जाएगी	

नोट :

- आवश्यकतानुसार तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।
- आर.डी.सी. (R.D.C.) बैठक की तिथि के सम्बन्ध में शोधार्थी को पृथक् से अवगत कराया जायेगा।
- अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइटwww.usvv.ac.inसे डाउनलोड करना होगा।

आवेदन पत्र/परीक्षा शुल्क

सामान्य श्रेणी और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु : रूपये 1000/–
अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु : रूपये 500/–

शुल्क भुगतान

आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइटwww.usvv.ac.in से डाउनलोड करके किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **"वित्त नियन्त्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय"** के पक्ष में हरिद्वार में देय हो, को संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/व्यक्गित रूप से/ स्वयं द्वारा जमा कराया जा सकता है। अभ्यर्थी डिमाण्ड ड्राफ्ट के पीछे अपना नाम, पता तथा विषय व विषय कोड अनिवार्य रूप से अंकित करें। आवेदन पत्र/परीक्षा शुल्क किसी भी दशा में न तो वापस किया जायेगा और न ही उसे किसी दूसरी उपाधि के लिये स्वीकृत माना जायेगा।

आवेदन पत्र के साथ हाई स्कूल, इण्टरमीडियट, स्नातक,समकक्ष, स्नातकोत्तर/एम.फिल्., जे.आर.एफ./नेट/सेट के प्रमाण–पत्रों की ही प्रतियाँ संलग्न करेंगे।

आवेदन पत्र प्रेषित करने का पता :–

कुलसचिव
उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग बी.एच.ई.एल.मोड
बहादराबाद हरिद्वार–249402 (उत्तराखण्ड)

नोट :

1. परीक्षा परिणाम की घोषणा विश्वविद्यालय वेबसाइट www.usvv.ac.in एवं सूचनापट्ट पर प्रकाशित की जायेगी।
2. यह शोध प्रवेश परीक्षा (RET) इस विश्वविद्यालय में केवल वर्तमान सत्र के लिये ही मान्य होगी। जो अभ्यर्थी RET उत्तीर्ण करेंगे, उन्हीं को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।
3. अभ्यर्थी का चयन उसके शोध क्षेत्र विषय पर विचार–विमर्श तथा साक्षात्कार के आधार पर ही किया जायेगा। कोई भी अभ्यर्थी यदि अपने साक्षात्कार और शोध क्षेत्र विषय के अनुरूप उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो स्थान को रिक्त रखा जायेगा।

विश्वविद्यालय–एक परिचय

स्थापना

संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्ध भाषाओं में से एक है। संस्कृत प्राचीन ज्ञान विज्ञान का भण्डार एवं हमारी भारतीय परम्परा का प्रतीक है। संस्कृत और प्राच्य विद्याओं के प्रचार–प्रसार तथा उन्हें आधुनिक संदर्भों के साथ जोड़ने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या 486/विधायी एवं संसदीय कार्य/2005 दिनांक 21 अप्रैल, 2005 द्वारा उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी।

विश्वविद्यालय का परिसर हरिद्वार शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर बहादराबाद क्षेत्र में स्थित है, जिसका प्राकृतिक सौन्दर्यमय वातावरण शिक्षकों और छात्रों को सदैव आत्मबोध और सीखने के लिये प्रेरित करता है।

वर्तमान समय की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत और प्राच्य विद्याओं से सम्बन्धित ऐसे पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है जो रोजगार से भी जुड़े हुए हैं। इसको ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में प्राच्य तथा आधुनिक विद्याओं से सम्बन्धित विभिन्न उपाधि पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

उद्देश्य

विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य संस्कृत तथा प्राच्य विद्याओं का प्रचार–प्रसार, विकास और प्रोत्साहन है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के प्रमुख उद्देश्य निम्नवत् हैं :–

(i) प्राच्य–पाश्चात्य ज्ञान–विज्ञान का समन्वय।

(ii) प्राच्य भाषाओं एवं तत्सम्बन्धी विभिन्न विषयों के अध्ययन–अध्यापन परम्परा का निर्वहन।

(iii) शिक्षण–प्रशिक्षण तथा पाण्डुलिपि विज्ञान का संरक्षण।

(iv) पालि और प्राच्य भाषाओं का संरक्षण तथा संवर्धन।

(v) संस्कृत की सभी विधाओं में अनुसंधान, प्रोत्साहन और संयोजन करना।

(vi) व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से संस्कृत के विकास व प्रचार–प्रसार के लिए प्रयास।

(vii) प्रदेश के विविध भागों में परिसरों की स्थापना, महाविद्यालयों का अधिग्रहण और संचालन।

(viii) संस्कृत के संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार के राज्यीय अधिकरण के रूप में, उसकी नीतियों और योजनाओं का क्रियान्वयन।

(ix) शैक्षणिक क्षेत्रों में अनुदेशन और प्रशिक्षण का प्रबन्ध करना।

(x) शोध ज्ञान के प्रचार और विकास के लिए समुचित मार्गदर्शन तथा व्यवस्था करना।

(xi) भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से सृजनपीठों, शोधपीठों तथा अध्ययनपीठों की स्थापना।

(xii)भारतीय संस्कृति और साहित्य के साथ अन्य संस्कृतियों का तुलनात्मक तथा समीक्षात्मक अध्ययन और अनुसंधान।

(xiii) छात्र–छात्राओं के उत्थान में शैक्षणिक गतिविधियों और सांस्कृतिक पक्षों का निष्पादन।

(xiv) राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, कार्यशाला, पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और जिज्ञासुओं का आधुनिक ज्ञान–विज्ञान के साथ प्रशिक्षण।

(xv) संस्कृत साहित्य का व्यापक अध्ययन और अनुसंधान।

परिकल्पना (Vision)

(i) आगामी पांच वर्ष में राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान वाले विश्वविद्यालय के रूप में विकसित होना। साथ ही ज्ञान आधारित समाज (नॉलेज सोसायटी) के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना।

(ii) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी.) का सशक्तिकरण।

(iii) राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर में बौद्धिक/योग/सांस्कृतिक/क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान करना।

(iv) मौलिक शोध ग्रन्थों और शोध पत्रिका का सम्पादन तथा प्रकाशन।

(v) विद्यार्थियों की सुविधा के लिए छात्रावास व्यवस्था, आधुनिकीकरण

संचालन संरचना

विश्वविद्यालय का संचालन अधोलिखित रूप से किया जाता है :

(i) कुलाधिपति (ii) कार्यपरिषद् (iii) विद्यापरिषद् (iv) वित्त समिति (v) परीक्षा समिति (vi) प्रवेश समिति

अन्य राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों के समान उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के भी कुलाध्यक्ष/कुलाधिपति माननीय राज्यपाल हैं। कार्यपरिषद् विश्वविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ नीतिगत निर्णयों के क्रियान्वयन करने हेतु अधिकार सम्पन्न परिषद् है। विश्वविद्यालय के कुलपति इस परिषद के पदेन अध्यक्ष होते है। शिक्षा, शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान आदि के मानकों का निर्धारण विद्यापरिषद् द्वारा होता है। विश्वविद्यालयीय वित्तीय गतिविधियों का संचालन, वार्षिक आय–व्यय का निर्धारण वित्त समिति द्वारा किया जाता है और परीक्षा समिति परीक्षाओं का आयोजन कराती है।

पदाधिकारी

कुलाधिपति	:	लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) श्री गुरमीत सिंह महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड
कुलपति	:	प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री
कुलसचिव	:	श्री गिरीश कुमार अवस्थी
वित्त नियन्त्रक	:	श्री लखेन्द्र गौथियाल

उपलब्ध सुविधायें

केन्द्रीय पुस्कालय

केन्द्रीय पुस्तकालय का संचालन विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से ही किया जा रहा है। पुस्तकालय में वेद, वेदांग, संस्कृत साहित्य, संस्कृत व्याकरण, दर्शन, शिक्षाशास्त्र, प्राच्य विद्या, काव्यशास्त्र, भाषा विज्ञान, पत्रकारिता, पर्यावरण विज्ञान, इतिहास, हिन्दी, अंग्रेजी आदि से सम्बन्धित अनेक पुस्तकों का विशाल संग्रह है। पुस्तकालय में विभिन्न शैक्षिक और अनुसंधान की आवश्यकता को पूर्ण करने वाली शोध पत्रिकाओं और शोधग्रन्थों की व्यवस्था है।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास व सहायता के लिये विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का संचालन किया जा रहा है। इसका संचालन स्नातक तथा शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) स्तर पर राज्य सरकार के सहयोग से किया जाता है।

कम्प्यूटर प्रयोगशाला

छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा कम्प्यूटर प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है, जिसमें आधुनिक उपयोग के विभिन्न सॉफ्टवेयर का संग्रह है तथा इसमें इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध है।

परामर्श एवं निर्देशन प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय द्वारा परामर्श एवं निर्देशन प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। यह प्रकोष्ठ निरन्तर विद्यार्थियों को साक्षात्कार एवं रोजगार से सम्बन्धित दिशा–निर्देशों को समय–समय पर उपलब्ध कराता है।

शोध छात्रवृत्ति

विश्वविद्यालय द्वारा शोध छात्रवृत्ति यू.जी.सी. के दिशा–निर्देश के आधार पर प्रदान की जायेगी। शोधकर्ता राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली अथवा अन्य संस्थानों की छात्रवृत्तियों के लिये भी आवेदन कर सकते है।

शोध पत्रिका

विश्वविद्यालय द्वारा 'शोधप्रज्ञा' नाम से अर्द्धवार्षिक शोध पत्रिका प्रकाशित की जाती है। इस शोध पत्रिका में प्राच्य एवं आधुनिक ज्ञान के समन्वय पर केन्द्रित शोध पत्रों को प्रकाशित किया जाता है। यह मूल्यांकित शोध पत्रिका है।

विद्यावारिधि (पीएच.डी.) उपाधि के लिये पंजीकरण की अर्हता एवं नियम

- विद्यावारिधि (पीएच.डी.)पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनके पास उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय अथवा विधि द्वारा स्थापित और यू.जी.सी. से मान्यता प्राप्त किसी संस्था/विश्वविद्यालय/मानित विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विषय में आचार्य अथवा समकक्ष स्नातकोत्तर उपाधि अथवा एक व्यावसायिक उपाधि होगी जिसे समकक्ष सांविधिक निकाय द्वारा स्नातकोत्तर उपाधि के समतुल्य घोषित किया गया हो, जिसमें अभ्यर्थी को कम से कम कुल 55% अंक अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 7 बिंदु मानक पर 'बी' ग्रेड प्राप्त हुए हों (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली अपनाई जाती है वहां बिंदु मानक पर समकक्ष ग्रेड) अथवा ऐसे प्रत्यायित विदेशी शैक्षिक संस्थान से समकक्ष उपाधि प्राप्त की हो, जो कि किसी आकलन एवं प्रत्यायन एजेन्सी द्वारा प्रत्यायित है जो कि शैक्षिक संस्थानों की गुणवत्ता एवं मानकों को सुनिश्चित करने एवं उनके आकलन, प्रत्यायन हेतु ऐसे किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा अथवा ऐसे एक प्राधिकरण के अन्तर्गत स्वीकृत एवं प्रत्यायित है जो कि उस देश में किसी कानून के अन्तर्गत स्थापित अथवा निगमित है।
  एम.फिल. पाठ्यक्रम को कम से कम कुल 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के 7 बिंदु मानक पर 'बी' ग्रेड प्राप्त कर सफलतापूर्वक एम.फिल. उपाधि प्राप्त करने वाले (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली अपनाई जाती है वहां बिंदु मानक पर समतुल्य ग्रेड) अभ्यर्थी शोध कार्य करने हेतु पात्र होंगे, जिससे वे उसी संस्थान में समेकित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पीएच.डी. उपाधि अर्जित कर सकें। उत्तराखण्ड निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर लाभान्वित श्रेणी) /पृथक् रूप से निःशक्त से सम्बद्ध हैं अथवा समय–समय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए 55% से 50% अंकों तक अर्थात् अंकों में 5% की छूट अथवा ग्रेड में समतुल्य छूट प्रदान की जा सकती है।
- विश्वविद्यालय के ऐसे छात्र/छात्रा, जिसके एम.फिल. शोध प्रबंध का मूल्यांकन किया गया है तथा मौखिक साक्षात्कार लंबित है, उसे पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकता है।
- अभ्यर्थी जिनके पास भारतीय संस्थान की एम.फिल. के समकक्ष ऐसी उपाधि है जो किसी विदेशी शैक्षिक संस्थान से जो कि किसी आकलन एवं प्रत्यायन एजेन्सी द्वारा प्रत्यायित है जो कि शैक्षिक संस्थानों की गुणवत्ता एवं मानकों को सुनिश्चित करने एवं उनके आकलन, प्रत्यायन हेतु ऐसे किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा अथवा ऐसे एक प्राधिकरण के अन्तर्गत स्वीकृत एवं प्रत्यायित है जो कि उस देश में किसी कानून के अन्तर्गत स्थापित अथवा निगमित है, ऐसे अभ्यर्थी पीएच.डी में प्रवेश हेतु पात्र होंगे।

पाठ्यक्रम की अवधि

- पीएच.डी. पाठ्यक्रम की अवधि कम से कम तीन वर्ष की होगी जिसमें प्री–पीएच.डी. पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अवधि भी सम्मिलित होगी तथा अधिकतम अवधि छह वर्ष होगी।
- उपर्युक्त सीमा के अतिरिक्त समय विस्तारण को उन सापेक्ष धाराओं द्वारा अभिशासित किया जाएगा जो कि विश्वविद्यालय की सांविधि/अध्यादेश में विनिर्धारित हैं।
- महिला अभ्यर्थी तथा निशक्त व्यक्ति (जिनकी निशक्तता 40 प्रतिशत से अधिक हो) उन्हें पीएच.डी. के लिए अधिकतम दो वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, महिला अभ्यर्थियों को पीएच.डी. की समग्र अवधि में एक बार 240 दिनों तक का मातृत्व अवकाश/शिशु देखभाल अवकाश प्रदान किया जा सकता है।

प्रवेश हेतु प्रक्रिया एवं विभागीय शोध समिति

- यह विश्वविद्यालय पीएच.डी. अभ्यर्थियों को द्विचरणीय प्रक्रिया (लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार) के माध्यम से प्रवेश देगा।
- उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के स्तर पर संचालित पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश उपलब्ध कराया जायेगा। **जिन विद्यार्थियों ने यूजीसी–नेट (जेआरएफ सहित)/यूजीसी–सीएसआईआर नेट (जेआरएफ**

सहित)/स्लैट/गैट/शिक्षक अध्येतावृत्ति अथवा एम.फिल. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण कर लिया है उन्हें भी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक होगा।

- सीटों का आरक्षण उत्तराखण्ड राज्य सरकार के नियमों के अनुरूप होगा।
- प्रवेश परीक्षा, अर्हक परीक्षा होगी, जिसमें 50% अर्हता अंक प्राप्त करना अनिवार्य है प्रवेश परीक्षा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग (असम्पन्न वर्ग) /पृथक् रूप से निःशक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये अंकों में 5% की छूट (50% के स्थान पर 45%) प्रदान की जायेगी प्रवेश परीक्षा के पाठ्यविवरण में 50% प्रश्न शोध–पद्धति के तथा 50% प्रश्न आवेदित विशिष्ट विषय के पूछे जाएंगे। प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय तथा विवरणात्मक/दीर्घ उत्तरीय प्रश्न सम्मिलित होंगे लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के प्राप्तांकों का पृथक्–पृथक् वरीयता क्रम बनाया जायेगा तदनन्तर मा. कुलपति द्वारा गठित सक्षम समिति के द्वारा दोनों प्राप्तांकों का योग कर नियमानुसार अन्तिम वरीयता सूची निर्गत की जायेगी।
- जिस समय अभ्यर्थियों के लिए उनके शोध रुचि/क्षेत्र पर कोई चर्चा एक विधिवत् गठित विभागीय शोध समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण माध्यम से की गई हो तो विश्वविद्यालय द्वारा एक साक्षात्कार/मौखिक साक्षात्कार संचालित किया जाएगा अन्तिम चयन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिये 70% तथा साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा में प्रदर्शन को 30% का महत्त्व दिया जायेगा।
- विद्यावारिधि लिखित प्रवेश परीक्षा में वे छात्र–छात्राएं भी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने स्नातकोत्तर की अन्तिम वर्ष की परीक्षा दी है। ऐसे छात्र–छात्राओं के लिए साक्षात्कार की तिथि के पूर्व अपनी अर्हता परीक्षा (स्नातकोत्तर में वांछित अंक प्रतिशत के साथ) का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा लिखित प्रवेश–परीक्षा उत्तीर्ण होने पर भी प्रवेश संभव नहीं हो सकेगा। लिखित प्रवेश–परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले आवेदक उसी सत्र में पंजीकरण करा सकेंगे। प्रवेश पाने में असफल छात्र–छात्राएं पुनः प्रवेशार्थ अगले सत्र में नियमानुसार प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे।

परीक्षाफल की घोषणा–

लिखित प्रवेश–परीक्षा का अन्तिम परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सूचनापट्ट पर लगाया जायेगा।

प्रवेश–परीक्षा योजना–

विद्यावारिधि लिखित प्रवेश परीक्षा का एक प्रश्न–पत्र होगा, जो दो खण्डों में विभक्त होगा।

प्रश्नपत्र के **प्रथम खण्ड (क)** में शोध प्रविधि से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे। **इस पत्र का पाठ्यक्रम यू.जी.सी. नेट के प्रथम पत्र के अनुरूप होगा।**

प्रश्न पत्र के **द्वितीय खण्ड (ख)** शोधार्थी के स्नातकोत्तर विषय से सम्बन्धित होगा, इसके लिए आधार आचार्य/स्नातकोत्तर परीक्षा के पाठ्यग्रन्थ निर्धारित होंगे। सम्बन्धित पाठ्यक्रम विवरणिका में उपलब्ध है।

- परम्परागत विषयों में प्रश्न पत्र की भाषा संस्कृत एवं आधुनिक विषयों में हिन्दी होगी। अंग्रेजी तथा पर्यावरण विज्ञान की प्रवेश परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी होगा।
- शिकायतों हेतु 15 दिनों का समय दिया जायेगा, जिस पर प्रवेश परीक्षा समिति विचार करेगी। उसकी संस्तुति के आधार पर लिया गया निर्णय अन्तिम होगा।

विभागीय शोध समिति–

विद्यावारिधि में चयन के लिए विभाग स्तर पर साक्षात्कार निम्न समिति द्वारा लिया जाएगा, यही समिति विभागीय शोध समिति कहलाएगी। इसी समिति द्वारा प्री–पीएच.डी. कोर्स के बाद शोध–विषय का निर्धारण भी किया जाएगा।

विभागाध्यक्ष	अध्यक्ष
सम्बन्धित विभाग के सभी आचार्य एवं सह आचार्य	सदस्य
सम्बन्धित विभाग के वे सभी सहायक आचार्य,जो शोध–निर्देशक बनने की अर्हता रखते हैं।	सदस्य

कुलपति द्वारा मनोनीत एक बाह्य विषय–विशेषज्ञ — सदस्य

उपर्युक्त समिति द्वारा अभ्यर्थी की योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की जांच भी की जाएगी।

- विश्वविद्यालय अपनी वेबसाइट पर पीएच.डी. के लिए पंजीकृत सभी छात्रों की सूची का रख–रखाव वार्षिक आधार पर करेगा। सूची में पंजीकृत अभ्यर्थी का नाम, उसके शोध का विषय, उसके पर्यवेक्षक/सह–पर्यवेक्षक/निर्देशक/सह–निर्देशक नामांकन/पंजीकरण की तिथि आदि सम्मिलित होंगे।

शोध पर्यवेक्षक का निर्धारण

शोध पर्यवेक्षक, सह–पर्यवेक्षक बनने हेतु पात्रता मानदण्ड, प्रति पर्यवेक्षक/निर्देशक अनुमेय पीएच.डी. शोधार्थियों की संख्या आदि।

- उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय का कोई भी नियमित रूप से नियुक्त आचार्य जिसने किसी संदर्भित पत्रिका में कम से कम पांच शोध प्रकाशन प्रकाशित किए हैं और विश्वविद्यालय का कोई नियमित सह–सहायक आचार्य जो पीएच.डी. उपाधि धारक हो तथा जिसके संदर्भित पत्रिकाओं में कम से कम दो शोध प्रकाशन प्रकाशित किए गए हों उसे शोध पर्यवेक्षक निर्देशक के रूप में मान्यता प्रदान की जा सकती है।
  बशर्ते कि उन क्षेत्रों विधाओं में जहां कोई भी संदर्भित पत्रिका नहीं हों अथवा केवल सीमित संख्या में संदर्भित पत्रिका हो, तो संस्थान किसी व्यक्ति को शोध पर्यवेक्षक निर्देशक के रूप में मान्यता प्रदान करने की उपर्युक्त शर्तों में लिखित रूप से कारण दर्ज कर छूट प्रदान कर सकता है।
- केवल विश्वविद्यालय/सम्बद्ध महाविद्यालय के पूर्णकालिक शिक्षक ही पर्यवेक्षक/निर्देशक के रूप में कार्य कर सकते हैं। बाह्य पर्यवेक्षकों/निर्देशकों को अनुमति नहीं है। तथापि, विश्वविद्यालय के अन्य विभागों से अथवा अन्य सम्बद्ध संस्थाओं से अंतर–विषयी क्षेत्रों में सह–पर्यवेक्षकों/सह–निर्देशकों को शोध परामर्श समिति के अनुमोदन से अनुमति प्रदान की जा सकती है। एतदर्थ शोध छात्र को विषय स्वीकृति के एक वर्ष के भीतर शोध निर्देशक के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।
- किसी चयनित शोधार्थी के लिए शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक के निर्धारण के संबंध में संबंधित विभाग द्वारा प्रति शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक विद्वानों की संख्या, पर्यवेक्षकों की विशेषज्ञता तथा विद्वानों की शोध रुचि, जैसा कि उनके द्वारा साक्षात्कार/मौखिक साक्षात्कार के समय इंगित किया गया हो, जिसके आधार पर निर्णय लिया जाएगा।
- ऐसे शोध हेतु शीर्षक जो अंतर विषयी स्वरूप के हैं, जहां संबंधित विभाग यह अनुभव करता है कि विभाग में उपलब्ध विशेषज्ञता की बाहर से अनुपूर्ति की जानी चाहिए, उस स्थिति में विभाग स्वयं अपने ही विभाग से शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक की नियुक्ति करेगा, जिसे शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक के रूप में जाना जाएगा और विभाग/संकाय/महाविद्यालय /संस्थान के बाहर से एक सह–पर्यवेक्षक/सह–निर्देशक को ऐसी निबंधन व शर्तों पर सह–पर्यवेक्षक/सह–निर्देशक नियुक्त किया जाएगा जैसा कि सहमति प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय /महाविद्यालयों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाएगा और जिन पर आपस में सहमति बनेगी।
- किसी एक समय के दौरान कोई भी आचार्य के पद पर नियुक्त पदधारी, शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक, सह पर्यवेक्षक/सह–निर्देशक के रूप में तीन (03) एम.फिल. तथा आठ (08) पीएच.डी. शोधार्थियों से अधिक का मार्गदर्शन प्रदान नहीं कर सकता है। कोई भी सह आचार्य, शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक के रूप में अधिकतम दो (02) एम.फिल. तथा छह (06) पीएच.डी. शोधार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है तथा शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक के रूप में सहायक आचार्य अधिकतम एक (01) एम.फिल. और चार (04) पीएच.डी. शोधार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है।
- विवाह अथवा अन्यथा किसी कारण से किसी एम.फिल./पीएच.डी. महिला शोधार्थी के अन्यत्र चले जाने पर, शोध आंकड़ों को ऐसे विश्वविद्यालय को अंतरित करने की अनुमति होगी जहां शोधार्थी पुनः जाना चाहे बशर्ते कि इन विनियमों की अन्य सभी निबंधन और शर्तों का शब्दशः पालन किया जाए तथा शोध कार्य किसी मूल संस्थान/पर्यवेक्षक/निर्देशक द्वारा किसी वित्तपोषण एजेंसी से प्राप्त न किया गया हो। तथापि, शोधार्थी मूल संस्थान के मार्गदर्शन तथा संस्थान को पूर्व में किए गए शोध कार्य के अंकों के लिए उसे पूर्ण श्रेय देगा।

- शोध निर्देशक/सह निर्देशक एवं स्वीकृत शोध रूपरेखा/प्रस्ताव में परिवर्तन प्रारम्भिक 06 माह में ही संभव हो सकेगा। कुलपति के अनुमोदन से विभागीय शोध समिति एतदर्थ स्वीकृति प्रदान करेगी।

पाठ्यक्रम संबंधी कार्य (कोर्स वर्क) श्रेय, अपेक्षाएं, संख्या, अवधि, पाठ्यविवरण, कार्य पूर्ण करने के न्यूनतम मापदण्ड आदि

- पीएच.डी. पाठ्यक्रम संबंधी कार्य के लिए न्यूनतम 08 क्रेडिट तथा अधिकतम 16 क्रेडिट दिए जाएंगे।
- पाठ्यक्रम संबंधी कार्य को पीएच.डी. की तैयारी के लिए पूर्वापेक्षा माना जाएगा। शोध पद्धति पर एक या एक से अधिक पाठ्यक्रम को कम से कम चार क्रेडिट दिए जाएंगे, जिसमें ऐसे क्षेत्र जैसे परिमाणात्मक पद्धति, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, शोध संबंधी आचार तथा संगत क्षेत्र में प्रकाशित शोध की समीक्षा, प्रशिक्षण, क्षेत्र कार्य आदि शामिल हैं। अन्य पाठ्यक्रम उन्नत स्तर के पाठ्यक्रम होंगे जो छात्रों को पीएच.डी. के लिए तैयार करेंगे।
- पीएच.डी. कार्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त सभी अभ्यर्थियों को प्रारंभिक प्रथम अथवा दो सेमेस्टरों के दौरान विभाग द्वारा विहित पाठ्यक्रम संबंधी कार्य को पूर्ण करना अपक्षित होगा।
- पहले ही एम.फिल. उपाधि धारक अभ्यर्थी जिन्हें पीएच.डी. पाठ्यक्रम में दाखिला प्राप्त हो गया है, अथवा जिन्होंने पहले ही एम.फिल. में पाठ्यक्रम संबंधी कार्य पूर्ण कर लिया है तथा जिन्हें पीएच.डी. समेकित पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है, उन्हें विभाग द्वारा पीएच.डी. पाठ्यक्रम संबंधी कार्य से छूट प्रदान की जा सकती है। अन्य सभी अभ्यर्थी जिन्हें पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया है उन्हें विभाग द्वारा विहित पीएच.डी. पाठ्यक्रम संबंधी कार्य को पूर्ण करना अपेक्षित होगा।
- शोध पद्धति पाठ्यक्रमों सहित पाठ्यक्रम संबंधी कार्य में ग्रेड को शोध सलाहकार समिति द्वारा समेकित मूल्यांकन किए जाने के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा तथा विश्वविद्यालय /महाविद्यालय को अंतिम ग्रेड के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।
- किसी पीएच.डी. शोधार्थी को पाठ्यक्रम संबंधी कार्य में न्यूनतम 55% अंक अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 7 बिंदु मानक पर इसके समकक्ष ग्रेड (अथवा जहां भी ग्रेडिंग प्रणाली अपनाई जाती है समकक्ष ग्रेड/सीजीपीए) प्राप्त करना होगा ताकि वह पाठ्यक्रम को जारी रखने के लिए पात्र हो तथा उसे शोध प्रबंध/थीसिस जमा करने होंगे।

प्री–पीएच.डी. के बाद पंजीकरण की प्रक्रिया–

- प्री–पीएच.डी. में सफल शोधार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा दी गयी तिथि के अनुसार निर्धारित पत्र में अपनी योग्यता एवं अनुसंधेय विषयों का उल्लेख करते हुए अपना आवेदन–पत्र संबद्ध विभाग में विभागाध्यक्ष के पास जमा कराना होगा।
- आवेदन पत्र के साथ विभागाध्यक्ष को शोध निर्देशक (यदि, कोई निर्धारित किया गया हो) की संस्तुति सहित रूपरेखा की दस प्रतियां (जिसमें अनुसन्धान के अध्ययन का अभिप्राय हो और स्पष्ट रूप से यह प्रतिपादित हो कि प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में उनका मौलिक योगदान होगा, अज्ञात सामग्री को प्रकाशित किया जायेगा अथवा पहले से ज्ञात तथ्यों की नवीन व्याख्या की जायेगी) जमा करानी होगी।
- इसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा घोषित तिथि को विभागीय शोध समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा। विभागीय शोध समिति द्वारा ही शोध–विषय का अन्तिम रूप से निर्धारण किया जाएगा।

शोध–केन्द्र

सामान्यतः विश्वविद्यालय के विभाग ही शोध–केन्द्र होंगे, लेकिन विश्वविद्यालय शोध उपाधि समिति (URDC) विशेष परिस्थितियों में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों/ महाविद्यालयों को भी शोध–केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान करेगी बशर्ते उस संस्था में स्नातकोत्तर विभाग हो। किन्तु कोर्स वर्क की कक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित की जाएंगी।

शोध सलाहकार समिति तथा इसके प्रकार्य

- प्रत्येक पीएच.डी. शोधार्थी के लिए इसी प्रयोजनार्थ एक शोध सलाहकार समिति गठित की जायेगी। कुलपति के निर्देशानुसार इस समिति में सम्बन्धित संकायाध्यक्ष अथवा विभागाध्यक्ष अध्यक्ष होगा सम्बन्धित विभागाध्यक्ष (यदि संकायाध्यक्ष समिति का अध्यक्ष हो तो), सम्बन्धित विभाग के सभी शिक्षक तथा कुलपति द्वारा नामित एक विषय–विशेषज्ञ सदस्य होंगे शोधार्थी का शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक इस समिति का समन्वयकर्ता होगा। समन्वयक द्वारा शोध से सम्बन्धित आवश्यक विवरण उचित माध्यम से समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे इस समिति के द्वारा प्रत्येक 06 माह में शोधछात्र के प्रगति–विवरण की समीक्षा की जायेगी इस समिति के उत्तरदायित्व निम्नवत् होंगे –
- शोध प्रस्तावों की समीक्षा करना तथा शोध के शीर्षक को अंतिम रूप देना।
- शोधार्थी को अध्ययन ढांचे तथा पद्धति को विकसित करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना तथा उसके द्वारा पूर्ण किए जाने वाले पाठ्यक्रमों की पहचान कराना।
- शोधार्थी के शोध कार्य की आवधिक समीक्षा करना तथा प्रगति में सहायता प्रदान करना।
- शोधार्थी छह माह में एक बार शोध सलाहकार समिति के समक्ष उपस्थित होकर मूल्यांकन तथा आगे का मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए अपने कार्य की प्रगति के संबंध में एक प्रस्तुति देगा। शोध सलाहकार समिति द्वारा छह मासिक प्रगति रिपोर्ट विश्वविद्यालय को तथा इसकी एक प्रति शोधार्थी को भेजी जाएगी।
- यदि शोधार्थी की प्रगति असंतोषजनक हो तो, शोध सलाहकार समिति इसके कारण दर्ज करेगी तथा उपचारात्मक उपाय सुझाएगी। यदि शोधार्थी इन उपचारात्मक उपायों को कार्यान्वित करने में असफल बना रहता है तो शोध सलाहकार समिति शोधार्थी के पंजीकरण को रद्द करने के विशिष्ट कारण दर्ज कर विश्वविद्यालय को इसकी सिफारिश कर सकती है।

उपाधि आदि अवार्ड करने के लिए मूल्यांकन तथा निर्धारण पद्धतियां, न्यूनतम मानदण्ड/क्रेडिट आदि

- पाठ्यक्रम संबंधी कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरान्त विहित अंक/ग्रेड प्राप्त करने पर, जैसा भी मामला हो, पीएच.डी. शोधार्थी द्वारा शोध कार्य आरंभ करना अपेक्षित होगा तथा इन विनियमों के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा यथा विनिर्दिष्ट निर्धारित समय में एक रूपरेखा – शोध प्रबंध/थीसिस जमा करना होगा।
- शोध प्रबंध/थीसिस को जमा करने से पूर्व, शोधार्थी विश्वविद्यालय की शोध सलाहकार समिति के समक्ष एक प्रस्तुति देगा, जिसमें सभी संकाय सदस्यगण तथा अन्य शोधार्थी उपस्थित होंगे। उनसे प्राप्त हुई प्रतिपुष्टि तथा टिप्पणियों को शोध सलाहकार समिति के परामर्श से मसौदा/रूपरेखा – शोध प्रबंध/थीसिस में उपयुक्त रूप से शामिल किया जाए।
- मूल्यांकन किए जाने हेतु शोध प्रबंध/थीसिस जमा करने से पूर्व पीएच.डी. शोधार्थी किसी शोध पत्रिका में न्यूनतम 02 शोधपत्र प्रकाशित करेगा, जिनमें से 01 शोध पत्र अनिवार्य रूप संदर्भित पत्रिका में प्रकाशित कराएगा तथा अपने शोध प्रबन्ध/थीसिस प्रस्तुत करने से पूर्व किसी विश्वविद्यालय/यू.जी.सी./आई.सी.पी.आर./अन्य समकक्ष राजकीय संस्थानों द्वारा प्रायोजित सम्मेलनों/संगोष्ठियों में न्यूनतम दो शोधपत्र प्रस्तुत करेगा तथा इनके संबंध में प्रस्तुतीकरण प्रमाणपत्र और/अथवा पुनर्मुद्रणों के रूप में साक्ष्य प्रस्तुत करेगा।
- विश्वविद्यालय की विद्वत् परिषद् (अथवा इसके समकक्ष निकाय), सुविकसित सॉफ्टवेयर तथा उपकरणों के विकास द्वारा साहित्यिक चोरी तथा शिक्षा संबंधी छल–कपट का पता लगायेगी। शोध प्रबंध/थीसिस को मूल्यांकन हेतु जमा करने से पूर्व शोधार्थी से एक वचनबद्धता प्राप्त की जाएगी तथा शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक द्वारा कार्य की मौलिकता के अनुप्रमाणन स्वरूप एक प्रमाणपत्र जमा करना होगा, जिसमें यह आश्वासन दिया जाएगा कि किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी नहीं की गई है तथा यह कार्य उसी संस्थान में जहां यह शोध कार्य किया गया था अथवा किसी अन्य संस्थान में किसी अन्य उपाधि/डिप्लोमा पाठ्यक्रम अवार्ड करने के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया है।
- शोधार्थी द्वारा जमा किए गए पीएच.डी. शोध प्रबंध का मूल्यांकन उसके शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक तथा कम से कम दो बाह्य परीक्षकों द्वारा किया जाएगा जो उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय / संबद्ध महाविद्यालय में नियोजित न हों, जिनमें से एक

परीक्षक विदेश से भी हो सकता है, बशर्ते वह विषय–विशेषज्ञ हो। अन्य बातों के साथ–साथ मूल्यांकन रिपोर्ट में की गई आलोचना पर मौखिक परीक्षा, शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक तथा दो बाह्य परीक्षकों में से कम से कम एक बाह्य परीक्षक द्वारा की जाएगी, इसमें शोध सलाहकार समिति के सदस्यगण तथा विभाग में संकाय सदस्यगण तथा अन्य शोधार्थी और इस विषय में रुचि लेने वाले अन्य विशेषज्ञ/शोधकर्ता भी भाग ले सकते हैं, किंतु उन्हें प्रश्न पूछने का अधिकार नहीं होगा।

- शोध प्रबंध/थीसिस के पक्ष में शोधार्थी की सार्वजनिक मौखिक परीक्षा केवल उस स्थिति में ली जाएगी जब शोध प्रबंध/थीसिस पर बाह्य परीक्षकों की मूल्यांकन रिपोर्ट संतोषजनक हो तथा उसमें मौखिक परीक्षा आयोजित करने के लिये विशिष्ट सिफारिश शामिल हो। शोध प्रबंध के मामले में बाह्य परीक्षकों की मूल्यांकन रिपोर्ट अथवा पीएच.डी. शोध प्रबंध के मामले में बाह्य परीक्षक की कोई एक मूल्यांकन रिपोर्ट असंतोषजनक होने पर तथा उसमें मौखिक परीक्षा की सिफारिश नहीं किए जाने पर विश्वविद्यालय परीक्षकों के अनुमोदित पैनल में से किसी अन्य बाह्य परीक्षक को शोध प्रबंध/थीसिस भेजेगा तथा नए परीक्षक की रिपोर्ट संतोषजनक पाए जाने पर ही मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। यदि नए परीक्षक की रिपोर्ट भी असंतोषजनक हो तो, शोध प्रबंध/थीसिस को अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा शोधार्थी को उपाधि प्रदान करने के लिए अपात्र घोषित कर दिया जाएगा।
- विश्वविद्यालय उपर्युक्त पद्धति विकसित करेगा ताकि शोध प्रबंध/थीसिस जमा करने की तिथि से छह माह की अवधि के भीतर पीएच.डी. शोध प्रबंध के मूल्यांकन की समग्र प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

दूरस्थ शिक्षा पद्धति/अंशकालिक शिक्षा पद्धति से पीएच.डी. उपाधि का संचालन–

- विश्वविद्यालय में दूरस्थ शिक्षा पद्धति से पीएच.डी. पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं किया जायेगा।
- अंशकालिक आधार पर शोधार्थी के रूप में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं अन्य सरकारी संस्थाओं के कार्मिकों को विश्वविद्यालय शोध उपाधि समिति की अनुशंसा पर सांध्यकालीन उपस्थिति की अनुमति प्रदान की जा सकेगी। हालांकि, इन्हें पंजीकरण से पूर्व विभागीय अनापत्ति प्रस्तुत करनी होगी। यह ध्यातव्य है कि साध्यकालीन उपस्थिति शोध निर्देशक द्वारा प्रमाणित स्वीकार्य होगी।

उपस्थिति–

शोधार्थियों हेतु कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि शोधार्थी का शोध केन्द्र विश्वविद्यालय मुख्यालय से बाहर है, तो उसे संबंधित स्थान पर नियमित उपस्थित रहकर कार्य करने का प्रमाण देना होगा। उपस्थिति की अनिवार्यता प्रारम्भिक दो वर्षों के लिए लागू होगी। इन दो वर्षों में प्री–पीएच.डी. पाठ्यक्रम (कोर्सवर्क) की अवधि भी सम्मिलित होगी।

विशेष–

- एक सत्रीय अनिवार्य पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने के लिए अधिकतम दो अवसर प्रदान किये जाएंगे।
- दो अवसरों में उत्तीर्ण न होने पर पंजीकरण स्वतः रद्द हो जाएगा।
- एक सत्रीय अनिवार्य पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र अलग से प्रदान किया जाएगा।
- एक सत्रीय अनिवार्य पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने पर ही शोध कार्य आरंभ करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
- पीएच.डी. में पंजीकृत उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों/कार्मिकों के लिए इस पाठ्यक्रम की कक्षाएं दीर्घ–अवकाश के दिनों में संचालित की जाएंगी। इन सभी के लिए भी एक सत्रीय परीक्षा उत्तीर्ण करनी अनिवार्य होगी।
- पाठ्यक्रम कार्य (कोर्स–वर्क) के अंतर्गत शोध प्रविधि एवं कंप्यूटर से सम्बन्धित कक्षाएं विश्वविद्यालय स्तर पर एकीकृत रूप से संचालित की जाएंगी। जबकि, विषय से सम्बन्धित कक्षाएं विभागों में संचालित की जाएंगी।
- आवश्यकतानुसार सुसंगत विषयों के समूह बनाकर भी कक्षाएं संचालित की जा सकेंगी।

पीएच.डी. पाठ्यक्रम (अंशकालिक)

विश्वविद्यालय में अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम प्रारम्भ किया गया है। अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम में अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की उन सभी अर्हताओं को नियमानुसार पूर्ण करना होगा जो कि पूर्णकालिक पीएच.डी. हेतु निर्धारित की गई हैं। अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम के अभ्यर्थी को पूर्णकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम के अनुसार ही पीएच.डी. पाठ्यक्रम–कार्य निर्धारित अवधि में गुजरना होगा। अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम के लिये विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान में चल रहें पूर्णकालिक पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित सभी नियम–उपनियम यथावत् लागू होंगे जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो।

अर्हता–

अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम हेतु अर्हता के मापदण्ड पूर्णकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम के समान ही रहेंगे। इसके अतिरिक्त अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी को सम्बन्धित प्रमाण पत्र निम्न शर्तों के साथ आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करने होंगे:–

1. कोई भी अभ्यर्थी जो किसी भी सरकारी विभाग (केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त संस्थान) या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/पंजीकृत औद्योगिक संस्थान/कम्पनी का नियमित कर्मचारी है, अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम के लिए अर्ह है।
2. अभ्यर्थी को अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' लेना आवश्यक है जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि :–

(i) अभ्यर्थी संस्थान में नियमित वेतन पर कार्यरत है।

(ii) अभ्यर्थी को अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम में अध्ययन करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है।

साक्षात्कार/परामर्श के समय विभागीय शोध समिति यह सुनिश्चित करेगी कि अभ्यर्थी उपर्युक्त सभी शर्तें पूर्ण करता हो तथा वह साक्ष्य के रूप में सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्रों को जमा करेगा।

अन्य नियम एवं शर्तें–

1. किसी भी विभाग में एक निर्देशक के अन्तर्गत अंशकालिक पीएच.डी. शोधार्थियों की अधिकतम सीट/संख्या निम्न प्रकार होगी :–

प्रोफेसर	–	2
एसोसिएट प्रोफेसर	–	1
असिस्टेंट प्रोफेसर	–	1

इनकी गणना पूर्णकालिक पीएच.डी. शोधार्थियों की अधिकतम संख्या के अन्तर्गत ही की जायेगी।

2. अंशकालिक प्री–पीएच.डी. प्रोग्राम के अन्तर्गत शोध कार्य की अवधि पाठ्यक्रम कार्य सहित न्यूनतम 4 वर्ष तथा अधिकतम 7 वर्ष होगी। यह अवधि पीएच.डी. पाठ्यक्रम–कार्य की कक्षाएँ प्रारम्भ होने की तिथि से मानी जायेगी। उक्त अवधि के अतिरिक्त समय–विस्तारण नहीं किया जा सकेगा।
3. अंशकालिक पीएच.डी. के शोधार्थी को शोधकार्य के दौरान अपने निर्देशक से विश्वविद्यालय के कार्य–दिवसों में प्रत्येक माह में कम से कम एक बार दिशा–निर्देश हेतु उपस्थित होना होगा। उपस्थिति का रिकार्ड शोध निर्देशक द्वारा रखा जायेगा।
4. अंशकालिक पीएच.डी. शोधार्थियों के लिए पीएच.डी. पाठ्यक्रम–कार्य की कक्षाएँ एक सेमेस्टर की अवधि के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संचालित होंगी। शोधार्थियों की उक्त कक्षाओं में नियमानुसार न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
5. अंशकालिक पीएच.डी. शोधार्थियों को पाठ्यक्रम कार्य के लिए नियोक्ता द्वारा अवकाश की स्वीकृति का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. शोधकार्य के दौरान अभ्यर्थी को संबंधित विभाग में न्यूनतम 240 दिन (पीएच.डी. पाठ्यक्रम कार्य की अवधि सहित) की उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। ये 240 दिन एक साथ अथवा अलग–अलग समयावधि में पूरे किये जा सकते है। यह

उपस्थिति विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर या सह–निर्देशक (यदि कोई हो) के अधीन अन्य संस्थान की भी मानी जा सकती है।

7. शोध प्रबन्ध जमा करते समय शोध निर्देशक के द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अभ्यर्थी ने पीएच.डी. शोध कार्य में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम उपस्थिति दर्ज कराई है। इस हेतु शोधार्थी की उपस्थिति का सत्यापन उपस्थिति पंजिका से किया जायेगा।
8. जो अभ्यर्थी अंशकालिक पीएच.डी. कार्यक्रम में शोधार्थी हैं वे किसी भी प्रकार के दूरस्थ या संस्थागत अन्य पाठ्यक्रम हेतु पंजीकृत नहीं हो सकते हैं। यदि कोई शोधार्थी उक्त नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसका पंजीकरण निरस्त माना जायेगा।
9. अंशकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम के लिए शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा इस हेतु निर्धारित शुल्क तालिका के अनुसार देय होगा।
10. विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे शिक्षकेत्तर कर्मचारियों (नियमित/तद्र्थ/अंशकालिक/फिक्स मानदेय) कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की सेवा में न्यूनतम 2 वर्ष कार्य करने के पश्चात् ही अंशकालिक पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश की सुविधा प्रदान की जा सकती है।

शोध प्रबन्ध के लिए अपेक्षाएं–

यह एक ऐसा गुण–दोष विवेचित विशिष्ट कार्य होना चाहिए, जिसमें या तो नवीन तथ्यों का अनुसन्धान हो अथवा सैद्धान्तिक तथ्यों की नवीन व्याख्या की गयी हो। उपर्युक्त दोनों बातों में आलोचनात्मक परीक्षण और दृढ़ निर्णय अनुसन्धाता की क्षमता का स्पष्ट सूचक माने जायेंगे।

भाषा और विषय प्रस्तुतीकरण की दृष्टि से भी शोध प्रबन्ध सन्तोषजनक होना चाहिए। भाषा तथा शैली स्पष्ट एवं साहित्यिक होनी चाहिए।

शोध प्रबन्ध का आन्तरिक स्वरूप–

1. प्रथम पृष्ठ (वि.वि. का नाम, लोगो, शोधार्थी एवं निर्देशक का नाम, विभाग का नाम और वर्ष)
2. शोधार्थी का घोषणा पत्र
3. शोधनिर्देशक का प्रमाण पत्र
4. अनुक्रमणिका
5. ग्रन्थ संक्षेप सूची
6. (क) भूमिका/प्रस्तावना
   (ख) आभार
7. अध्याय (क्रमानुसार)
8. उपसंहार/निष्कर्ष
9. सन्दर्भ ग्रन्थ सूची
10. परिशिष्ट (यदि लागू हो)
11. शोध प्रबन्ध के बाह्य कलेवर के पार्श्व में लंबाई में शोध शीर्षक एवं वर्ष का उल्लेख

विश्वविद्यालय शोध उपाधि समिति–

विश्वविद्यालय में शोध विषयक नियमों, नीतियों, मानकों के निर्धारण तथा शोध कार्यों के नियमन एवं उच्च स्तरीय मॉनीटरिंग के लिए विश्वविद्यालय शोध उपाधि समिति का गठन निम्नरूपेण किया जायेगा –

कुलपति	अध्यक्ष
सभी संकायाध्यक्ष	सदस्य
सभी विभाग अध्यक्ष	सदस्य

सभी आचार्य	
विश्वविद्यालय का सबसे वरिष्ठ सह आचार्य (एक–एक वर्ष के लिए चक्रानुक्रम से)	सदस्य
विश्वविद्यालय का सबसे वरिष्ठ सहायक आचार्य (एक–एक वर्ष के लिए चक्रानुक्रम से)	सदस्य
विद्यापरिषद् का एक प्रतिनिधि	सदस्य
कुलपति द्वारा मनोनीत विशेषज्ञ (जिन विषयों में शोध कराया जा रहा है, उन सभी से एक–एक)	सदस्य
अध्यक्ष, शोध विभाग	सदस्य–सचिव

कुलपति की अनुपस्थिति में उनके द्वारा मनोनीत व्यक्ति समिति की बैठक की अध्यक्षता कर सकेगा। समिति की बैठक सामान्यतः प्रति छः माह पर होगी, लेकिन कुलपति को आवश्यकतानुसार बैठक बुलाने का अधिकार होगा।

विशेष निर्देश–

शोधार्थी को प्रत्येक तीन माह पर प्रगति विवरण विभागीय कार्यालय में जमा कराना होगा। निरन्तर तीन त्रैमासिक प्रगति विवरण जमा न करने पर शोध पंजीकरण स्वतः निरस्त माना जाएगा। इसके लिए पृथक से कोई सूचना/पत्राचार नहीं किया जाएगा। यद्यपि, किन्हीं विशेष परिस्थितियों में अथवा स्वास्थ्य सम्बन्धी आपात परिस्थितियों एवं प्रसूति/मातृत्व के दृष्टिगत विश्वविद्यालय शोध उपाधि समिति शोध कार्य जारी रखने की अनुमति प्रदान कर सकेगी। किन्तु ऐसे मामलों में शोधार्थी को नौ माह पूर्ण होने से पूर्व ही लिखित प्रार्थनापत्र देना होगा।

शोध–प्रबन्ध की प्रस्तुति–

परम्परागत विषयों में शोध–प्रबन्ध की भाषा संस्कृत होगी, आधुनिक विषयों में संस्कृत अथवा हिन्दी अथवा अंग्रेजी में भी शोधप्रबन्ध जमा किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय शोध उपाधि समिति विभागीय शोध समिति की संस्तुति तथा शोधार्थी के विशेष अनुरोध पर आधुनिक विषयों में शोधप्रबन्ध की भाषा को परिवर्तित करने की अनुमति दे सकेगी। पंजीकरण के न्यूनतम 36 माह पश्चात् शोधार्थी

शोध–प्रबन्ध के शोध सार की प्रस्तुति (प्रजेंटेशन) के लिए सम्बन्धित विभाग के अध्यक्ष को शोध निर्देशक की संस्तुति सहित प्रार्थना पत्र देगा। 36 माह की अवधि की गणना प्री–पीएच.डी. में प्रवेश के माह से की जाएगी।

इसी क्रम में विभागाध्यक्ष अधिकतम दो सप्ताह के अन्तर्गत निश्चित तिथि को एक संगोष्ठी का आयोजन करेंगे, इस संगोष्ठी में विभागीय शोध समिति द्वारा शोधसार की समीक्षा के पश्चात् शोधप्रबन्ध जमा करने की स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी।

शोध प्रबन्ध पूर्ण होने के उपरान्त शोधार्थी को शोध प्रबन्ध एवं संक्षेपिका की पांच टंकित प्रतियां, दो सीडी एवं विभागीय शोध समिति द्वारा स्वीकृत रूपरेखा भी तीन प्रतियों में शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ परीक्षा विभाग में प्रस्तुत करनी अनिवार्य होंगी। इनमें से शोध प्रबन्ध एवं संक्षेपिका की एक–एक प्रति शोध छात्र तथा निर्देशक को प्रदान की जायेगी एक सीडी शोध विभाग द्वारा एक महीने के भीतर यू.जी.सी. के शोध गंगा पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। शोध प्रबन्ध का कलेवर सामान्यतः 200 पृष्ठों का होना अनिवार्य होगा। उपाधि प्रदान किए जाने के बाद शोधग्रन्थ की एक प्रति पुस्तकालय एवं एक प्रति सम्बन्धित विभाग को प्रदान की जाएगी।

निष्क्रमण प्रमाण पत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट)

अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों को पंजीकरण से पूर्व अथवा अधिकतम तीन माह के भीतर निष्क्रमण प्रमाण पत्र/माइग्रेशन सर्टिफिकेट जमा करना होगा। इसके अभाव में प्रवेश निरस्त हो जायेगा। किन्तु कुलपति इस अवधि को बढ़ाने की अनुमति दे सकते हैं।

आरक्षण

(i) आरक्षण के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रावधान लागू होंगे। उत्तराखण्ड निवासी अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग/पृथक रूप से निशक्त श्रेणी के आवेदकों को अर्हता के न्यूनतम अंको में पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

(ii) विश्वविद्यालय परिसर में छात्र–छात्राओं को पीएच.डी. में 20 प्रतिशत परिसरीय तथा 60 प्रतिशत परम्परागत धारा के विद्यार्थियों को वरीयता प्रदान की जायेगी।

साक्षात्कार हेतु प्रपत्रों की सूची

साक्षात्कार/परिचर्चा के समय निम्न प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति साहित सम्बन्धित विभाग में उपस्थित होना होगा :

- हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र
- इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र
- स्नातक अथवा समकक्ष परीक्षा के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र
- स्नातकोत्तर अथवा समकक्ष परीक्षा के अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र
- एम.फिल./सी.एस.आई.आर. (नेट/जे.आर.एफ/सेट उत्तराखण्ड) के प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि
- आरक्षण हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र
- विकलांग अभ्यर्थियों के लिए जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त विकलांगता प्रमाण पत्र
- प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र
- चरित्र प्रमाण पत्र
- प्रव्रजन प्रमाण (पंजीकरण के समय आवश्यक होगा)

नोट : जाँच हेतु उपरोक्त सभी प्रपत्रोंकी मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
***विस्तृत विवरण के लिये सम्बन्धित अध्यादेश की प्रति विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।**

विषयों के कोड तथा उपलब्ध सीटों की संख्या

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/संकायों में उपलब्ध निम्नलिखित विषय में विद्यावारिधि (पीएच.डी.) उपाधि प्रदान की जाएगी :

कोड संख्या	मुख्य विषय	सम्बद्ध विषय	सीटों की संख्या
USU–10	वेद	वेद की सभी शाखायें तथा पौरोहित्य	04
USU–11	व्याकरण	नव्यव्याकरण, प्राच्य व्याकरण	06
USU–12	ज्योतिष	सिद्धान्त ज्योतिष, फलित ज्योतिष, वास्तुशास्त्र	04
USU–13	साहित्य	————	12
USU–14	योग	————	01
USU–15	शिक्षाशास्त्र	शिक्षाशास्त्र	14
USU–16	भाषा एवं आधुनिक ज्ञान–विज्ञान	हिन्दी	06
USU–17	इतिहास	इतिहास	04
USU–18	Environmeatal Science पर्यावरण विज्ञान	Environmental Chemistry, Environmental Agriculture, Wildlife Science, Zoology, Botony, Biotechnology, Remote Sensing, Biophysics, Geology	03
USU–19	अंग्रेजी	अंग्रेजी	04
USU–20	पत्रकारिता	–	–

सीटों की संख्या में परिवर्तन सम्भव है।

पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम

वेद (यूएसयू–10)

इकाई	पाठ्यक्रम
इकाई 01	वैदिकवाङ्मयस्येतिहासः।
इकाई 02	संहितानां परिचयः।
इकाई 03	ब्राह्मणग्रन्थानां परिचयः।
इकाई 04	श्रौतस्मार्तसूत्राणां परिचयः।
इकाई 05	आरण्यकानाम् उपनिषदाञ्च परिचयः।
इकाई 06	निरुक्तस्य परिचयः।
इकाई 07	मनुयाज्ञवल्क्यस्मृत्योः परिचयः।
इकाई 08	वैदिकच्छन्दसां परिचयः।
इकाई 09	शिक्षाग्रन्थानां परिचयः।
इकाई 10	वेदभाष्यकाराणां परिचयः।

व्याकरण (यूएसयू–11)

यूनिट–1

(i) व्याकरणशास्त्रस्येतिहासः

(ii) वैयाकरणसिद्धान्तकौमुद्याः प्रथमभागादारभ्य द्वितीयभागस्य समासप्रकरणंयावत्।

यूनिट–2

(i) वैयाकरणसिद्धान्त कौमुदी अवशिष्टभागः (सम्पूर्णा)

यूनिट–3

(i) लघुशब्देन्दुशेखरः–संज्ञाप्रकरणतः परिभाषाप्रकरणपर्यन्तम्

(ii) वाक्यपदीयस्य ब्रह्मकाण्डः

(iii) वैयाकरणभूषणसारस्य– (धात्वर्थप्रकरणतः सुबर्थप्रकरणान्तम्)

(iv) लघुशब्देन्दुशेखरः–अच्सन्धितः स्वादिसन्धिपर्यन्तम्

(v) न्यायसिद्धान्तमुक्तावल्याः शब्दखण्ड

(vi) वैयाकरणभूषणसारे–नामार्थतः ग्रन्थपर्यन्तम्

(vii) लघुशब्देन्दुशेखरे – अजन्तँपुल्लिङ्गप्रकरणम्

(viii) लघुशब्देन्दुशेखरे– अजन्तस्त्रीलिङ्गतः अव्ययप्रकरणान्तम्

(ix) लघुशब्देन्दुशेखरः–(स्त्रीप्रत्ययतः कारकप्रकरणे द्वितीयाविभक्त्यर्थप्रकरणान्तमः)

(x) कारकप्रकरणे तृतीयाविभक्तितः अव्ययीभावसमासं यावत्

यूनिट–4

(i) निरुक्तम्– (प्रथमद्वितीयाध्यायौ)

(ii) वैदिकवाङ्मयस्येतिहासः

(iii) लघुमञ्जूषान्ता–शक्तिलक्षणाऽऽकाङ्क्षायोग्यतातात्पर्यासत्तिप्रकरणा

(iv) निरुक्तम् (तृतीयचतुर्थाध्यायौ)

(v) व्युत्पत्तिवादः प्रथमाकारकप्रकरणम्–(नीलो घट.....न च.....इति दिक्)

यूनिट–5

भाषाविज्ञानम्

(i) भाषास्वरूपम्

(ii) भाषायाः उत्पत्तिः विकासश्च,

(iii) भाषापरिवारः

(iv) ध्वनिविज्ञानम्

(v) पदविज्ञानम् अर्थविज्ञानम्

यूनिट–6

भारतीयसंस्कृतिः, भारतीयसंस्कृति, तत्स्वरूपं वैशिष्टयञ्च

(i) पुरुषार्थचतुष्टयम्

(ii) वर्णाश्रमव्यवस्था

(iii) षोडशसंस्काराः

(iv) पंचमहायज्ञाः

(v) आधुनिक परिप्रेक्ष्ये उपर्युक्तानाम् उपादेयता।

यूनिट–7

(i) महाभाष्यम् नवाह्निकम्।

(ii) काशिकावृत्तिः (चतुर्थाध्यायान्तम्)

ज्योतिषम् (यूएसयू–12)

यूनिट–1

पंचाङ्ग विचार (तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण), ग्रह स्पष्टीकरण, दशासाधन (विंशोत्तरी, अष्टोत्तरी, योगिनी), पंचक विचार, विक्रमी सम्वत् शक सम्वत्, अयन, गोल, ऋतु, मास, पक्ष, भयात्, इष्टकाल, चालन, देशान्तर, रेखांश, अक्षांश, दिनमान, रात्रिमान, अहोरात्रमान्, षोडश वर्ग साधन (लग्न–होरा–द्रेष्काण–नवांश–द्वादशांश आदि)।

यूनिट–2

गोल, भूगोल, कक्षा गोल, वृत्त, व्यास रेखा, लंका रेखा देश, भूपरिधि, मध्य रेखा, नाड़ी रेखा, नाड़ी वृत्त, क्रान्ति वृत्त, कदम्ब स्थान, सावनमान, सौरमान, चान्द्रमान, नाक्षत्रमान, मूर्त्तकाल, अमूर्त्तकाल, अहोरात्र व्यवस्था, महायुगमान, मन्वन्तर, कल्पमान, ब्रह्म दिनमान, विनाड़ी नाड़ी, अहोरात्र, संक्रान्ति, पूर्णिमा, अमावस्या, तिथिक्षय, तिथिवृद्धि, अधिकमास, क्षयमास, भगण, विकला, कला, अंश, राशि।

यूनिट–3

सिद्धान्त संहिता होरा लक्षण, दैवज्ञ लक्षण, ग्रहयुद्ध (भेद, उल्लेख, अंशुमर्दन, अपसव्य) मेघ गर्भ लक्षण, मेघ गर्भधारण, मेघ गर्भ प्रसव काल, भूकप्प लक्षण, उल्का पात विचार, सद्योवृष्टि, जल, प्रकरण, सन्ध्या लक्षण, मेघों के प्रकार।

यूनिट–4

होरा, काल पुरूष के अवयव, राशि स्वरूप, राशि स्वामी, मेषादि राशियों के पर्यायवाची, पृष्ठोदय–शीर्षोदय–उभयोदय, राशियां, क्रूर–सौम्य, पुरूष–स्त्री, चर–स्थिर–द्विस्वभाव राशियां, ग्रहेच्चनीच, वर्गोत्तम राशियां, द्वादशभाव पर्यायवाची, केन्द्र–त्रिकोण, पणकर, आपोक्लिम भाव संज्ञा, राशियों के वर्ण दिशा।

यूनिट–5

सूर्यादि ग्रहों की आत्मादि संज्ञा, ग्रहों के पर्यायवाची, ग्रहवर्ण, ग्रहों की मूल त्रिकोण राशियां, पूर्वादि दिशाओं के स्वामी, मेषादि राशियों की दिशाएं, पुरूष–स्त्री–नपुंसक ग्रह एवं ब्राह्मण–क्षत्रिय–वैश्य–शूद्र वर्णादि विचार, ग्रहस्वरूप, धातुओं के स्वामी

ग्रह, ग्रह–दृष्टि, रसों के स्वामी ग्रह, नैसर्गिक–तात्कालिक–पंचधा ग्रह मैत्री, ग्रहों के षड्बल, ग्रहों की दीप्तादि–बालादि–जागृतादि अवस्थाएं।

यूनिट–6

गर्भसंभव, असंभव ज्ञान, मैथुन विचार, आयुविचार (दीर्घायु–मध्यमायु, अल्पायु अमितायु, दिव्य–आयु, पूर्णायु) अरष्टि विचार (बालारिष्ट–योगारिष्ट) अरिष्ट भंग योगादि।

यूनिट–7

नपुंसक योग, पंच महापुरूष योग (रुचक–भद्र–हंस–मालव्य–चारू–शश योग) गजकेसरी योग, राजयोग, महाराजयोग, लक्ष्मीयोग, आश्रय योग, आकृति योग, संख्या योग, वेशि–वाशि–उभयचरीयोग, सुनफा–अनफा–दुरुधरा–केमद्रुम योग, धनाढ्य योग।

यूनिट–8

वामन योग, कुवज योग, सदन्त योग, जन्मान्ध योग, जारज योग, कुष्ठयोग, व्रणयोग, रोगयोग, नेत्रयोग, कर्णरोग, मधुमेह रोग, ह्रदयरोग, विषकन्या योग, विषयकन्या भङ्गयोग, राजभङ्गयोग, नीच भङ्गराजयोगादि।

यूनिट–9

वर्षप्रवेशसाधन, तिथिसाधन, मुन्था विचारर, वर्षनिर्णय, ग्रहदृष्टि, ग्रहमैत्री दीप्तांश, इक्वालादि षोडश योग, गोचर विचार, शनि साढ़ेसाती, ढैय्या, नन्दानि तिथियां, सिद्धयोग, अमृतयोग, ध्रुवगण, चरगण, मिश्रगण, लघुगण, मृदुगण, त्रिपुष्करयोग, भद्रा, चन्द्रवास, गर्भाधानविचार, नामकरणमुहूर्त, अन्नप्राशनमूहूर्त, मुण्डनमूहूर्त, यज्ञोपवीत मुहूर्त, विवाहनक्षत्र, विवाहमास, अष्टकूट, मांगलिक विचारादि।

यूनिट–10

परगृहनिवासफल, गृहारम्भविधि, काकिणी विचार, भूमिलक्षण, भूमिदोष, वासयोग्य भूमि, जागृतादि भूमि, राहुमुखपुच्छाविचार, खातविधि, शिलान्सासविधि, निषिद्धकाष्ठ, दिशानुसार गृहविभाग, ताराफल, त्याज्यमास, ग्राह्यमास, गृहारम्भ समय, शुभयोग, वास्तुचक्र, वृषवास्तुचक्र, कूर्मचक्र, द्वारनिर्णयविचार, विविध गृहप्रवेश, जीर्ण गृह प्रवेश विचार, वृक्षविचारादि।

साहित्यम् (यूएसयू–13)

यूनिट–1

(i) काव्यप्रकाशः (सम्पूर्णम्)

यूनिट–2

(i) ध्वन्यालोकः (सम्पूर्णम्)

यूनिट–3

(i) दशरुपकम् (सम्पूर्णम्)

यूनिट–4

(i) काव्यशास्त्रीय षट् सम्पद्रायाः
(रस–अलंकार–ध्वनि–औचित्य–वक्रोक्ति–रीतयः)

यूनिट–5

(i) काव्यमीमांसा (प्रारम्भिकाः पंचाध्यायाः)

यूनिट–6

(i) नाटकानि–आभिज्ञानशाकुन्तलम्, मुद्राराक्षसम्, उत्तररामचरितम्

यूनिट–7

(i) महाकाव्यानि–रघुवंशमहाकाव्यम्, नैषधीयचरितम्, शिशुपालवधम्।

यूनिट–8

(i) षड्दर्शनानां सामान्य–परिचयः।

यूनिट–9

(i) वैदिकसाहित्यस्य सामान्य–परिचयः।

यूनिट–10

(i) नाट्यशास्त्रम् (1,2,6 अध्यायाः)

योगाचार्य (यूएसयू–14)

यूनिट–1

(अ) योग के आधारभूत तत्व

(i) योग का अर्थ, योग की परिभाषा, योग का इतिहास, योग का उद्गम एवं विकास, आधुनिक युग में योग की उपयोगिता।

(ii) विभिन्न ग्रन्थों में योग का स्वरूप–वेद, उपनिषद्, गीता, बौद्ध, जैन, न्यास, वैशेषिक, सांख्य, मीमांसा, वेदान्त।

(iii) योग पद्धतियाँ : राजयोग, भक्ति योग, ज्ञान योग, कर्मयोग, हठयोग, अष्टांग योग, क्रिया योग, समग्रयोग।

(iv) विभिन्न योगियों का जीवन परिचय एवं योग के क्षेत्र में योगदान महर्षि पंतजलि, श्री अरविन्द स्वामी कुवलयानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानंद, योगी श्याम–चरणलाहिडीं, गुरू गोरक्षनाथ।

(ब) भारतीय दर्शन एवं मानव चेतना

(i) दर्शन–अर्थ, परिभाषायें तथा भारतीय दर्शन का परिचय, आधुनिक जीवन में दर्शन की उपयोगिता। चार्वाक–दर्शन का सामान्य परिचय एवं सिद्धान्त। बौद्ध दर्शन का सामान्य परिचय एवं सिद्धान्त। जैन दर्शन का सामान्य परिचय एवं सिद्धान्त। न्याय दर्शन का सामान्य परिचय एवं सिद्धान्त। सांख्य दर्शन–सामान्य, तथा आधुनिक जीवन में उपयोगिता।

(ii) मीमांसा दर्शन–सामान्य परिचय तथा सिद्धान्त। ईश्वर, आत्मा, बन्धन, मोक्ष तथा कर्म का सिद्धान्त।

